प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर प्रचार और तेज हो गया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में धुआंधार प्रचार में जुटे हुए हैं। इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक जहां एक ओर जीत के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एनडीए के नेता पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। गौरतलब है कि 81 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवम्बर को मतदान होना है। दोनों चरणों के वोटों की गिनती 23 नवम्बर को होगी।

****************

गढ़वा जिले के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रारो मैदान में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने पार्टी प्रतयाशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

****************

इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज सिमडेगा और लोहरदगा में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। वहीं झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चाईबासा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल और वाम दल समेत अन्य दलों के नेता भी अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

****************

एनडीए गठबंधन की ओर से भी भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में कई जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं आदित्यपुर में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में लोगों से वोट मांगेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरी बार दस नवंबर को चुनावी दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे गुमला और बोकारो में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे रांची में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो भी करेंगे। इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड आयेंगे। श्री शाह छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही जमशेदपुर में उनका रोड शो भी होगा।

****************

एनडीए में भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी ने आज अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में युवा, रोजगार, किसान और अल्पसंख्यकों के विकास पर जोर दिया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि उनकी पार्टी किसानों और दलितों के

लिए विशेष योजनाएं शुरू करेगी। श्री महतो ने कहा कि भूमिहीन परिवारों को जमीन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

****************

निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से झूठे वादे कर उन्हें गुमराह करने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने चुनावी सभाओं के दौरान व्यक्तिगत हमले से बचने और प्रचार के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करने को भी कहा है।

****************

पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

****************

उदीयमान सूर्य को आज सवेरे अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया। इसके साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास का भी पारण हुआ। उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए छठ घाटों पर आस्था का सैलाब दिखा और माहौल भक्तिमय रहा।

********समाप्त********